# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज,

# फिरोजाबाद

## मेन्टरिंग एवं काउन्सिलिंग प्रकोष्ठ

## सत्र 2022-23

डॉ0 अन्जु शर्मा

(प्राचार्या)

डॉ0 निष्ठा शर्मा

(कॉर्डिनेटर)

मेन्टरिंग एवं काउन्सिलिंग प्रकोष्ठ

महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद (उ0प्र0)

मेन्टरिंग एवं काउन्सिलिंग प्रकोष्ठ

सत्र 2022-2023

सत्र 2022-23 में नई कक्षा के प्रवेश के समय छात्राओं के पूर्व में अध्ययन किये गये विषय एवं अर्जित ज्ञान का आंकलन कर रुचि और सक्षमता को ध्यान में रखते हुए छात्राओं को मेजर तथा माइनर विषय चुनने में परामर्श दिया गया। भविष्य में विषय से सम्बन्धित व्यावसायिक उपयोगिता की भी जानकारी दी गयी।

दिनांक 27.02.2023 को प्राचार्या डॉ0 अन्जु शर्मा की अध्यक्षता में प्रकोष्ठ की कोर्डिनेटर डॉ0 निष्ठा शर्मा के संयोजन में ''उच्च शिक्षा में मेन्टरिंग की प्रासंगकिता'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्तागण आगरा कॉलेज, आगरा के इतिहास विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 अनुराग पालीवाल तथा मनोविज्ञान विभाग आर0बी0एस0 कॉलेज, आगरा तथा डॉ0 भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा के मेन्टरिंग एवं काउन्सिलिंग प्रकोष्ठ की सदस्या डॉ0 पूनम तिवारी रहीं। महाविद्यालय में प्रकोष्ठ के सदस्य कु0 रीता दीक्षित (एसोसिएट प्रोफेसर-रसायन विभाग), डॉ0 फरहा तबस्सुम (एसोसिएट प्रोफेसर-उर्दू विभाग) डॉ0 राज्यश्री मिश्रा (एसोसिएट प्रोफेसर संस्कृत विभाग), श्रीमती अंकिता ठाकुर(एसोसिएट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान), श्रीमती

निशा (असि0 प्रो0 समाज शास्त्र) एवं श्रीमती माया मधुर (असि0 प्रो0 राजनीति विज्ञान), डॉ0 सीमा शर्मा (समाजशास्त्र) की उपस्थिति एवं पूर्णसहयोग रहा।

मनोवैज्ञानिक समस्याओं के निदान हेतु सकारात्मक सोच तथा मानसिक स्वास्थ्य सेसम्बन्धित सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य विषय पर प्राचार्या डॉ0 अन्जु शर्मा की अध्यक्षता में दिनांक 19 अप्रैल 2023 को कु0 आकांक्षा यादव (असिस्टेन्ट प्रोफेसर-मनोविज्ञान) के संयोजन एवं कु0 पूजा जादौन (असिस्टेन्ट प्रोफेसर मनोविज्ञान) के सहसंयोजन व मार्गदर्शन में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ0 पूनम (एसोसिएट प्रोफेसर चित्रकला), डॉ0 फरहा तबस्सुम (एसोसिएट प्रोफेसर उर्दू) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ0 राज्यश्री मिश्रा रहीं।

छात्राओं के सर्वांगीण विकास के अन्तर्गत महाविद्यालय के मेन्टर्स द्वारा शैक्षिक, व्यक्तित्व, कला-कौशल के विकास तथा मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अंतर्मुखी छात्राओं को अपने विचारों और समस्याओं को बताने के लिए प्रेरित किया गया तथा अनेक गतिविधियों, कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस हेतु मेन्टर्स के मार्गदर्शन में क्विज, समूह चर्चा, सेमिनार, संगीत-नृत्य, काव्य सम्भाषण इत्यादि गतिविधियों में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता कर रचनात्मक, कलात्मक व परिश्रम से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

इस प्रकार सांस्कृतिक एवं मानवीय मूल्यों को धारण करने के लिए प्रेरित करते हुए मेन्टर मेन्टी रिश्ते के माध्यम से विश्वास और आत्म निर्भरता के साथ जीवन में प्रगति हेतु दिशा प्रदान करने का प्रयास किया जाता है।

डॉ0 अंजु शर्मा
प्राचार्या
Principal
M.G.B.V. (P.G.) College
Firozabad

डॉ0 निष्ठा शर्मा
कोर्डिनेटर